Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 07 दिसंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 69

# एक्सप्रेसवे पर रफ्तार का कहर, डबल डेकर बस का हुआ भीषण एक्सीडेंट, 8 लोगों की मौत, 19 घायल

**कन्नौज ।** आरएनएस

जिले में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। यहां एक टैंकर और बस की टक्कर में 8 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 19 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि टैंकर एक्सप्रेसवे पर पानी छिडक़ने वाला था। वहीं इस टैंकर में तेज रफ्तार बस ने पीछे से टक्कर मार दी। टैंकर से टक्कर के बाद बस पलट गई और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने बस के अंदर से लोगों को बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दरअसल ये हादसा लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर कन्नौज जिले में हुआ है। आज दोपहर हुए इस दर्दनाक हादसे में डबल डेकर स्लीपर बस खाई में जा गिरी। हादसे की वजह से बस में सवार 8 यात्रियों की मौत हो गई और 19 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि बस लखनऊ से दिल्ली जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार बस ने आगे चल रहे यूपीडा के पानी छिडक़ने वाले टैंकर को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस पलट गई। बताया जा रहा है कि बस ड्राइवर की नींद के कारण भरी दोपहर में यह दर्दनाक हादसा हो गया।



वहीं हादसे के बाद मौके से निकल रहे जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने अपना काफिला रुकवाकर घायलों को बस से निकलवाया और यूपीडा सहित जिले के अलाधिकारियों को हादसे की सूचना दी। कन्नौज के सकरावा थाना क्षेत्र के औरैया बॉर्डर पर मिश्राबाद गांव के पास हुये हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों की भीड़ व कई थानों की फोर्स मौके पर मौजूद हैं।

एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि हादसे में 8 लोगों की मौत हुई है और 19 यात्री घायल हुये हैं। मृतकों व घायलों में ज्यादातर, लखनऊ व उसके आसपास के जिलों के रहने वाले हैं, जो रोजगार के लिये दिल्ली जा रहे थे। वहीं कन्नौज डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला, एसपी अमित कुमार आनंद और तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत भी मौके पर मौजूद हैं। फिलहाल घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

## पीलीभीत और चित्रकूट में भीषण सड़क हादसा, 11 लोगों की मौत



**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत और चित्रकूट जिले में शुक्रवार तडक़े हुए अलग-अलग सडक़ हादसे में 11 लोगों की जान चली गई और 12 से अधिक लोग घायल हुए हैं।पीलीभीत में टनकपुर राजमार्ग पर न्यूरिया थाने के पास कार में सवार 11 लोग उत्तराखंड के खटीमा से शादी समारोह से लौट रहे थे।तभी रास्ते में उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई और खाई में गिरी। हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 घायल हैं। चित्रकूट में एक कार के ट्रक से टकराने के कारण 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हुए हैं। हादसा सुबह 5:30 बजे हुआ था।चित्रकूट के पुलिस अधिकारी ने बताया कि रायपुरा थाना क्षेत्र में एक बोलेरो प्रयागराज से आ रही थी, तभी उसकी टक्कर रायपुरा से आ रहे ट्रक से आमने-सामने हुई।हादसे में मृतक सभी 5 लोग एक ही परिवार के हैं, जो मध्य प्रदेश के निवासी थे। घायल जिला अस्पताल में भर्ती हैं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### चेन्नई में दूषित पानी पीने से 2 लोगों की मौत, 19 अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में संदिग्ध दूषित जल पीने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 अन्य को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शहर के पल्लावरम क्षेत्र में हाल ही में हुई बारिश के बाद पीने के पानी में सीवेज का मिलना बताया जा रहा है, जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने अस्पताल का दौरा किया और मरीजों के हालचाल पूछे। उन्होंने बताया कि पानी के नमूनों को विस्तृत जांच के लिए गिण्डी स्थित किंग इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिवेंटिव मेडिसिन एंड रिसर्च भेजा गया है। सुब्रमण्यम ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतकों की मौत का सही कारण सामने आएगा। मृतकों की पहचान 56 वर्षीय तिरुवेथी और 42 वर्षीय मोहनरंगम के रूप में की गई है। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मोहनरंगम को मृत अवस्था में लाया गया था। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कुल 34 व्यक्तियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिनमें से 14 को छुट्टी दे दी गई है और 19 मरीजों का इलाज जारी है। स्थानीय निवासियों ने दावा किया कि बारिश के दौरान पल्लावरम क्षेत्र का पानी सीवेज से मिलकर दूषित हो गया था, जिससे यह समस्या उत्पन्न हुई। सरकार ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।

### मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन के 3 सदस्य गिरफ्तार, नागालैंड में 34 करोड़ की ड्रग्स नष्ट

**इंफाल (आरएनएस)।** मणिपुर पुलिस ने जबरन वसूली और अवैध हथियार रखने के आरोप में इंफाल पश्चिम जिले से प्रतिबंधित संगठन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार फयेंग इलाके में गुरुवार को पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त टीम ने तलाश अभियान के दौरान कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीपुल्स वार ग्रुप) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। टीम ने उनके पास से एक देसी पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया। बयान में कहा गया, ''वे जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थे।'' बयान के अनुसार, कांगचुप में उनके ठिकानों की तलाशी के दौरान अवैध हथियार बनाने का साजो सामान भी मिला। नागालैंड पुलिस ने दीमापुर में 34 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की ड्रग्स नष्ट की है। एक अधिकारी ने बताया कि मादक पदार्थ निस्तारण समिति (छ्छ्छ) ने जब्त किए गए ड्रग्स को गुरुवार को दीमापुर नगर परिषद के 'डंपिंग ग्राउंड' में नष्ट किया। नष्ट किए गए ड्रग्स में 'ब्राउन शुगर' और हेरोइन, क्रिस्टल मेथ तथा अफीम शामिल हैं। 'मेथाम्फेटामाइन' को मेथ भी कहते हैं और यह एक तेज तथा बेहद नशीला पदार्थ है जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है।

### एक किलोमीटर आगे इंजन, पीछे-पीछे डिब्बे; बिहार में टला बड़ा हादसा

**मधुबनी (आरएनएस)।** जिले के जयनगर से आनंद विहार के लिए चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन बड़े हादसे से बाल-बाल बच गई है। दरअसल, गरीब रथ एक्सप्रेस (12435) जयनगर से आनंद विहार के लिए अपनी निर्धारित समय पर खुली। इसके थोड़ी ही देर बाद 12:16 बजे ट्रेन खजौली रेलवे स्टेशन पर पहुंची। यहां से खुलने के बाद ट्रेन का इंजन रेलवे गुमटी संख्या 26 के पास बोगी से अलग हो गया। वहीं इसे देखने के बाद यात्रियों ने चिल्लाना शुरू किया, जिसके बाद ड्राइवर को ये बात पता चली। ड्राइवर की नजर जबतक पड़ी तबतक इंजन एक किलोमीटर दूर तक पहुंच चुका था और बोगी पटरी पर बिना इंजन के दौड़ रही थी। हालांकि ड्राइवर ने इंजन में ब्रेक लगाकर रोका। इसके बाद इंजन पीछे लाकर बोगी को जोड़ा गया और फिर ट्रेन आनंद विहार के लिए रवाना हुई। ट्रेन 1 बजकर 30 मिनट पर मधुबनी रेलवे स्टेशन पहुंची। गरीब रथ के कारण जयनगर से खुलने वाली कई एक्सप्रेस ट्रेनों को देरी से भेजा गया। मामले की जानकारी होने पर समस्तीपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने समस्तीपुर के लोको पायलट और दरभंगा के एक इंचार्ज को जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रेन को दरभंगा और समस्तीपुर में चेक किया गया। किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं मिली, जिसके बाद रवाना किया गया। वहीं जयनगर से आनंद विहार के लिए खुलने वाली गाड़ी गरीब रथ एक्सप्रेस के मेंटेनेंस पर सवाल उठने लगा है कि आखिर जयनगर में रेलवे के अधिकारियों की इस तरह की चूक लगातार मिल रही है।

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान 11 दिसंबर को करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश भर में एक बार फिर स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) का ग्रैंड फिनाले आयोजित होने जा रहा है। इस बार आयोजित होने जा रहे राष्ट्रव्यापी स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में 54 विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों की 250 से अधिक समस्याओं के समाधान दिए जाएंगे। इसका उद्देश्य दैनिक जीवन की गंभीर समस्याओं का हल ढूंढना है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का सातवां संस्करण है। यह 11 दिसंबर को देशभर के 51 केंद्रों पर शुरू होगा। इसका उद्घाटन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान वर्चुअल माध्यम से करेंगे।

एसआईएच एक राष्ट्रव्यापी पहल है और इसका उद्देश्य दैनिक जीवन में आने वाली कुछ गंभीर समस्याओं का हल करने के लिए छात्रों को मंच प्रदान करना है। साथ ही इसका उद्देश्य उत्पाद नवाचार और समस्या-समाधान मानसिकता की संस्कृति को विकसित करना है। पिछले संस्करणों की तरह, विभिन्न संस्थाओं के छात्र दल अलग-अलग मंत्रालयों, विभागों और उद्योगों की समस्याओं पर सुझावों देने का काम करेंगे।

शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक इस वर्ष संस्थान स्तर पर आंतरिक हैकथॉन में 240 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई है। यह एआईएच 2023 में 900 से बढक़र एआईएच 2024 में 2,247 से अधिक हो गई है। यही कारण है कि यह हैकथॉन का अब तक का सबसे बड़ा संस्करण है।

एआईएच का ग्रैंड फिनाले विभिन्न मंत्रालयों व सरकारी विभागों के अधिकारियों और छात्रों, शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षकों के बीच खुली बातचीत के लिए एक खुले मंच के रूप में भी कार्य करता है। पहचान की गई चुनौतियों और उनके समाधान के तहत राष्ट्रीय महत्व और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के क्षेत्रों से जुड़े 17 प्रमुख क्षेत्र हैं।

## बांग्लादेश ने पश्चिम बंगाल से सटी सीमा पर ड्रोन तैनात किए, भारत हाई अलर्ट पर

**नईदिल्ली ।** आरएनएस

भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है।अब एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बांग्लादेश ने भारत से सटी सीमा पर तुर्की में बने ड्रोन को तैनात कर दिया है। इसके बाद पहले से अलर्ट भारत और भी ज्यादा सक्रिय हो गया है।दूसरी ओर, बांग्लादेश ने कोलकाता से अपने उप-उच्चायुक्त को वापस देश बुला लिया है। कोलकाता में बांग्लादेशी मिशन के बाहर हुए प्रदर्शन के चलते ये फैसला लिया गया है।



रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश ने पश्चिम बंगाल से सटी सीमा पर तुर्की निर्मित बायरैक्टर टीबी 2 ड्रोनों को तैनात किया है।इन ड्रोनों का संचालन बांग्लादेश की 67वीं सेना खुफिया और निगरानी मिशनों के लिए करती है। मामले पर अभी सेना की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन भारत ने सीमा पर निगरानी बढ़ा दी है।बांग्लादेश का कहना है कि उसने ड्रोन की तैनाती रक्षा उद्देश्यों के लिए की है।

बांग्लादेश ने कोलकाता में कार्यवाहक उप-उच्चायुक्त मोहम्मद अशरफुर रहमान को तत्काल ढाका बुला लिया है।बांग्लादेश उप-उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि रहमान पहले ही ढाका पहुंच चुके हैं।अधिकारी ने कहा, रहमान को न केवल प्रदर्शनों पर चर्चा के लिए बुलाया गया है, बल्कि वे अगले सप्ताह दोनों देशों के विदेश सचिव स्तर की वार्ता के दौरान बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा भी रहेंगे। उम्मीद है कि वे इसी महीने के मध्य तक कोलकाता लौट आएंगे।

त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में स्थित बांग्लादेश सहायक उच्चायोग ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए 3 दिसंबर से सभी वीजा और वाणिज्यिक सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है।यह फैसला एक दिन पहले प्रदर्शनकारियों के मिशन परिसर में घुसकर तोडफ़ोड़ करने के बाद लिया गया है।इस घटना के विरोध में बांग्लादेश ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी घटना पर खेद जताया था।

बांग्लादेश अपने नोटों में छपी पूर्व राष्ट्रपति और बांग्लादेश के संस्थापक के रूप में पहचान रखने वाले शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर भी हटाने जा रहा है।सरकार ने नए नोटों को छापने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, जिसमें धार्मिक संरचनाएं, बंगाली परंपराएं और जुलाई में हुए छात्र आंदोलन की तस्वीरों को शामिल किया जाएगा।इससे पहले खबर आई थी कि मुजीबुर्रहमान की पुण्यतिथि और जन्मदिन मनाने पर भी रोक लगा दी गई है।

25 नवंबर को बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार कर लिया गया था। उन पर चटगांव में भगवा झंडा फहराने और देश के झंडे के अपमान का आरोप था।इसके बाद पूरे बांग्लादेश में उनकी रिहाई के लिए प्रदर्शन होने लगे। बाद में दास को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। इसके बाद हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव है।

## राष्ट्रपति सहित कई राजनीतिक हस्तियों ने बाबा साहेब अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**भुवनेश्वर ।** आरएनएस

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित कई राजनीतिक हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भुवनेश्वर के एजी स्क्वायर पर जाकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद वह हवाई अड्डे के लिए रवाना हो गईं।

वहीं, राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने गृह जिले मयूरभंज का दौरा करने का भी कार्यक्रम बनाया है।

उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी बाबा साहेब अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर किए अपने पोस्ट में कहा, डॉ. बी.आर आंबेडकर को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।



महापरिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर - हमारे संविधान के निर्माता, एक राजनेता और दूरदर्शी हैं, जिन्होंने सामाजिक असमानताओं के खिलाफ अथक संघर्ष किया। न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के प्रति उनकी गहन प्रतिबद्धता सभी को प्रेरित करती रहती है। आइए हम उनके आदर्शों को बनाए रखने और अधिक समावेशी भारत की दिशा में लगातार काम करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें।

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी बाबा साहेब अंबेडकर को याद करते हुए अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा, राष्ट्रनिर्माता, सामाजिक न्याय के प्रहरी और भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। समतामूलक समाज का उनका स्वप्न, उनकी अमूल्य शिक्षाएं और संविधान निर्माण में अतुलनीय योगदान हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

कांग्रेस पार्टी ने भी बाबा साहेब अंबेडकर को याद किया। उन्होंने पार्टी की तरफ से अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा, भारतीय संविधान के जनक और सामाजिक न्याय के प्रतीक बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कोटि: नमन। उनके आदर्श और विचार युगों-युगों तक हमें न्याय की राह पर आगे बढऩे के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी बाबा साहेब अंबेडकर को एक्स हैंडल पर पोस्ट कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा, महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब अंबेडकर को याद करते हुए, उनके विचार और दृष्टिकोण भारत को प्रेरित करते रहते हैं। राष्ट्र उनके अपार योगदान के लिए उनका ऋणी रहेगा। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें मेरी श्रद्धांजलि।

## हवाई किराया बढ़ाने से पहले एयरलाइंस को सरकार को बताना होगा, केंद्र ने राज्यसभा में बताया

**नईदिल्ली ।** आरएनएस

केंद्र सरकार ने हवाई किराए को लेकर एक नए नियम की जानकारी दी है, जिसके तहत एयरलाइंस को अब किराया बढ़ाने से पहले सरकार को सूचित करना होगा।केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने राज्यसभा में उठाए गए विमानों से जुड़े सवालों के जवाब में यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि एयरलाइनों को अपने टिकट की कीमतों के बारे में क्रियान्वयन से एक महीने पहले नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सूचित करना होगा।

नायडू ने राज्यसभा में कहा, हम डीजीसीए के तहत हवाई टिकटों की कीमतों पर नजऱ रख रहे हैं। जब एयरलाइंस किसी खास सेक्टर या रूट के लिए कीमतें तय करती हैं, तो उन्हें मंत्रालय को भेजना होता है।उन्होंने कहा, अगस्त में हमने एयरलाइन उद्योग को हवाई किराए के बारे में जागरूक किया और परिणाम सामने आए। पिछले साल की तुलना में कीमतों में 42 प्रतिशत तक की कमी की गई है।आगे और भी उपाय किए जा रहे हैं।

नायडू ने कहा कि सरकार 2010 के एक सर्कुलर में एक प्रावधान को हटाने जा रही है, जिसमें एयरलाइंस को 24 घंटे में कीमतों में बदलाव की अनुमति थी।उन्होंने बताया कि इस ढील की वजह से कीमतों में तेजी से बदलाव संभव हुआ, जो एयरलाइंस के लिए फायदेमंद होता है। नई प्रणाली एयरलाइंस को अपनी मर्जी से किराए में बदलाव नहीं करने देगी।उन्होंने कहा कि सरकार टैफिक निगरानी प्रणाली मजबूत बना रही है ताकि एयरलाइंस मनमानी न करें।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हवाई किराए की लागत का एक बड़ा हिस्सा ईंधन की कीमतों से तय होता है, जो राज्यों के वैट दरों से प्रभावित होते हैं।उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, दिल्ली, तमिलनाडु जैसे राज्यों ने उच्च दरों को बरकरार रखा है, जबकि कुछ राज्यों ने कम किया है। उन्होंने राज्यों से ईंधन पर वैट कम करने का अनुरोध किया है, जिससे विमानन क्षेत्र को बढ़ावा मिले। हवाई किराए का 45 प्रतिशत ईंधन पर खर्च होता है।

## राज्यसभा में सीट नंबर 222 से मिली 500 रुपए के नोटों की गड्डी, सदन में हंगामा

**नई दिल्ली ।** आरएनएस

राज्यसभा में शुक्रवार को चेकिंग के दौरान 500 रुपये के नोटों का बंडल प्राप्त हुआ। यह जानकारी राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को दी।

सभापति ने बताया कि गुरुवार को सदन की कार्रवाई स्थगित होने के बाद एंटी सबोटाज की टीम सदन में रूटीन चेकिंग पर थी। इसी दौरान चेकिंग कर रही टीम को 500 रुपये के नोटों का बंडल मिला। सभापति ने बताया कि यह बंडल सीट नंबर 222 से प्राप्त हुआ। सभापति के मुताबिक यह सीट राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित है।

सभापति के मुताबिक अभी तक इन नोटों की दावेदारी किसी भी सदस्य द्वारा नहीं की गई है। मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। सभापति ने बताया कि यह मामला उनके नोटिस में लाया गया, इसके बाद उन्होंने सुनिश्चित किया कि तय नियमों के तहत इस पूरे मामले की जांच हो और जांच शुरू भी हो गई है।

सभापति ने कहा कि उन्होंने सोचा था कि इन नोटों की दावेदारी के लिए कोई आएगा, लेकिन शुक्रवार सुबह तक कोई नहीं आया। अभी यह भी नहीं मालूम है कि यह नोट असली हैं या नकली। फिलहाल मामले की जांच चल रही है। सभापति ने इसे बेहद गंभीर मामला बताया और कहा कि किसी को भी इस मामले की जांच का विरोध नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही सभापति ने यह भी बताया कि संबंधित सदस्य के इलेक्ट्रॉनिक रिकार्ड बताते हैं कि उन्होंने सदन में गुरुवार को अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी।

सभापति द्वारा यह जानकारी दिए जाने के बाद सदन में जमकर हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ओर के सांसद इस विषय पर बोलना चाहते थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने कहा कि उनका एक निवेदन है कि जब तक जांच पूरी नहीं होती, जब तक सच का पता नहीं लग जाता, तब तक किसी का नाम नहीं लेना चाहिए। खडग़े के इस बयान पर सत्ता पक्ष ने जबरदस्त एतराज किया और हंगामा करने लगे।

सत्ता पक्ष की ओर से बोलते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि यह घटना बहुत ही असाधारण व गंभीर है। यह सदन की गरिमा पर एक चोट है। सत्ता पक्ष का कहना था कि विभिन्न आरोपों के आधार पर विपक्ष सदन में अपने मुद्दे उठाता है और कई बार सदन की कार्यवाही भी नहीं चलने देता। ऐसे में विपक्ष अब दोहरे मापदंड कैसे अपना सकता है। उन्होंने कहा कि इस मामले की सभी को निंदा करनी चाहिए।

वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि आज जब हम डिजिटल इंडिया की ओर जा रहे हैं, तो ऐसे में सदन के अंदर नोटों की गड्डी का क्या काम है। उन्होंने कहा कि हम इस तरह नोट लेकर नहीं चलते हैं। उन्होंने जांच का समर्थन करते हुए कहा कि जांच की जरूरत है, यह काफी गंभीर मामला है। वहीं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राज्यसभा में बोलते हुए इसे अत्यंत गंभीर विषय बताया। उन्होंने कहा कि आज नोट मिले हैं आगे और न जाने क्या-क्या मिल सकता है।

## सोमवार तक के लिए स्थगित की गई लोकसभा की कार्यवाही, विपक्ष ने किया जमकर हंगामा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** संसद के शीतकालीन सत्र को शुरू हुए आज 12 दिन हो गए. संसद के दोनों सदनों में पहले दिन से विपक्ष का हंगामा जारी है. सत्र के पहले सप्ताह सदन में कोई कामकाज नहीं हो सका. जिसके चलते दोनों सदनों की कार्यवाही ज्यादातर दिनों में स्थिगित ही रही. शुक्रवार को भी दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ. विपक्षी दल लगातार अडानी और संभल हिंसा को लेकर सरकार पर हमलावर बने हुए हैं. विपक्ष के हंगामे के चलते आज भी लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने की कुछ देर बाद ही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी. वहीं राज्यसभा में कांग्रेस की बेंच से मिली नोटों की गड्डी के बाद वहां भी जंकर हंगामा हुआ. शुक्रवार को सदन की कार्यवाही के दौरान राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ. दरअसल, राज्यसभा में कांग्रेस के बेंच पर नोटों की गड्डी मिली. उसके बाद सदन में जोरदार हंगामा शुरू हुआ. राज्यसभा के सभापति ने खुद इसके बारे में जानकारी दी. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये गंभीर मामला है और इसकी जांच हो रही है. बता दें कि आज यानी शुक्रवार को सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में कहा कि,कल (गुरुवार) सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद सुरक्षा अधिकारियों ने हमें बताया कि सीट नंबर 222 से कैश मिला है. यह सीट तेलंगाना से सांसद अभिषेक मनु सिंघवी को अलॉट की गई है. इस मामले में नियमों के मुताबिक जांच होनी चाहिए और यह हो भी रही है.